**COLLEGE OF VETERINARY AND ANIMAL SCIENCE, JODHPUR-342037**
**(Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences, Bikaner)**

Prof. (Dr.) S. K. Sharma
DEAN

✆ 9414682352
Email: deancvasjrajuvas@gmail.com

No.F /CVASJ/RAJUVAS/Purchase/2025-26/933

Dated: 18/03/2026

**खुली निविदा आमन्त्रण सूचना 02/2025–26**

पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय जोधपुर की पशुधन फार्म संकुल पर प्रातः एवं सांय दैनिक उत्पादित गाय के दूध के विक्रय (प्रति लिटर दर से) हेतु (निविदा अनुमोदन होने की दिनांक से 31.03.2027 तक के लिए) मोहर बन्द निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्र स | कार्य का नाम / वस्तु श्रैणी | अनुमानित दैनिक दूध उत्पादन | अनुमानित वार्षिक मूल्य रूपये | अमानत राशि रूपये | निविदा शुल्क रूपये |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | देशी गाय (नारी नस्ल) का दूध | 40 लिटर | 06 लाख | 12000/– | 500/– |

नोट :– बिना धरोहर राशि, सशर्त तथा अपूर्ण निविदाएं मान्य नहीं होगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 30.03.2026 को प्रातः 11.30 बजे तक कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क जमा कराकर निविदा प्राप्त कर सकते है। उक्त कार्य के लिये मोहर बन्द निविदा बन्द लिफाफे में जिस पर निविदा कार्य का नाम अंकित हो, धरोहर राशि एवं निविदा शुल्क सहित दिनांक 30.03.2026 को मध्यान्ह 12.00 बजे तक जमा की जा सकेगी एवं उसी दिन मध्यान्ह 2.30 बजे अद्योहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में निविदा खोली जावेगी। डाक एवं ई मैल द्वारा प्रेषित निविदाएं मान्य नही होगी। निविदा प्रपत्र व शर्ते विश्वविद्यालय की http//rajuvas.org वेबसाईट एवं http//sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

सलग्न :– गाय के दूध विक्रय हेतु निविदा की शर्ते।

18.03.2026
अधिष्ठाता

UBN:- VAU2526GSOB00153

**COLLEGE OF VETERINARY AND ANIMAL SCIENCE, JODHPUR-342037**
**(Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences, Bikaner)**

**Prof. (Dr.) S. K. Sharma**
**DEAN**

✆ 9414682352
Email: deancvasjrajuvas@gmail.com

## निविदा प्रपत्र

1. वस्तु श्रेणी :– गाय के दूध का विक्रय
2. निविदादाता का नाम एवं पत्ता ........................................................................

........................................................................

3- सन्दर्भ :– No.F /CVASJ/RAJUVAS/Purchase/2025-26/ Dated
4. निविदा शुल्क राशि रू0 500/– नकद / डी.डी. संख्या ..................... दिनांक
बैंक का नाम ........................................................
5. राशि का विवरण :–

| क्रस | वस्तु श्रेणी | अमानत राशि (नकद) | जमा रसीद संख्या | दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गाय का दूध | | | |

6. दूध की दर :–

| क्रस | वस्तु श्रेणी | दर प्रति लिटर अंको में (रूपयों में) | दर प्रति लिटर शब्दो में (रूपयों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | गाय का दूध | | |

मैं आप द्वारा दी गई समस्त शर्तो से सहमत हूँ एवं मैने समस्त शर्तो पर हस्ताक्षर कर दिये है।
सलग्न :– उपरोक्तानुसार निविदा शुल्क एवं अमानत राशि रसीद की प्रतिलिपि

भवदीय

दिनांक

निविदादाता के हस्ताक्षर
मोबाईल नम्बर

**COLLEGE OF VETERINARY AND ANIMAL SCIENCE, JODHPUR-342037**
**(Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences, Bikaner)**

Prof. (Dr.) S. K. Sharma
DEAN

✆ 9414682352
Email: deancvasjrajuvas@gmail.com

## गाय के दूध विक्रय हेतु निविदा की शर्ते

1- निविदि प्रस्तुत करने के लिये प्रत्येक निविदादाताओं को मोहरबन्ध निविदा प्रपत्र के साथ गाय के दूध के लिये रूपये 12000/–बोली अमानत राशि (2%) अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय जोधपुर के नाम नगद जमा करानी होगी। निविदा की कार्य सम्पादन राशि (5%) रूपये 30000/– गाय के दूध के है। जिसके पक्ष में निविदा स्वीकृत होने पर बोली अमानत राशि समायोजित की जावेगी तथा शेष कार्य सम्पादन की राशि (3%) रूपये 18000/– अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय जोधपुर के नाम नगद / ऑन लाईन जमा करानी होगी।

2- निविदा में निविदादाता की कोई शर्त मान्य नहीं होगी। दरे केवल पूर्ण रूपये में मान्य होगी। कृप्या पैसो में दरे ना दे। किसी प्रकार के विवाद में कमेठी का निर्णय अन्तिम होगा जो मान्य होगा।

3- प्रथम उच्च दर वाली पार्टी के असफल होने की स्थिति में उसकी जमानत राशि जब्त करते हुए ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।

4- सफल निविदादाता यदि निविदा की शर्त तथा नियमो के अनुसार 3 बार तक दूध उठाने में असमर्थ रहता है तो दूध विक्रय का ठेका स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा तथा जमा की गई कार्य अमानत राशि अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय जोधपुर के पक्ष में दय कर जब्त कर ली जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उतरदायित्व निविदादाता का होगा एवं कोई एतराज नही कर सकेगा।

5- सफल निविदादाताको स्वीकृति आदेश जारी करने के उपरान्त रू0 500/– (पॉच सौ रूपये) के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय जोधपुर के पक्ष में अनुबन्ध भरकर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अनुबन्ध पत्र एवं कार्य सम्पादन राशि जमा कराने पर ही दूध दिया जाना प्रारम्भ किया जायेगा।

6- जिस पार्टी के पक्ष में ठेका स्वीकृत होगा, उसकी कार्य अमानत राशि ठेका अवधि के दौरान जमा रहेगी। कार्य अमानत राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। ठेके को सन्तोष जनक पूरा करने पर ही ठेकेदार को उसकी कार्य अमानत राशि बिना ब्याज के पुनः लौटा दी जावेगी। यदि ठेके के दौरान ठेकेदार द्वारा केन्द्र पर किसी प्रकार की क्षति पहूँचाई गयी तो कार्य अमानत राशि जब्त कर ली जावेगी तथा क्षति का भुगतान कार्य अमानत राशि के अलावा ठेकेदार को अलग से करना होगा।

7- स्वीकृति आदेश अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय जोधपुर के द्वारा जारी होने के बाद स्वीकृति दर पर ठेकेदार द्वारा प्रतिदिन उठाये गये दूध का भुगतान सुबह एवं शाम सम्बन्धित ईकाई/फार्म पर कार्यालय द्वारा निर्धारित समय पर नगद राशि द्वारा करना अनिवार्य होगा। पूर्ण भुगतान के पश्चात ही दूध दिया जायेगा।

8- अधिकतम दर को स्वीकार करना,अपरिहार्य कारणो से ठेके की अवधि घटाना तथा बिना कारण बताये निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्त्ता को रहेगा। जिसके लिये सफल निविदादाता को किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति देय नहीं होगी। निविदादाता का कोई एतराज मान्य नहीं होगा।

9- प्रातः एवं सायं दूध दूहने का समय नियत है। ठेकेदार दूध दुहने के समय स्वयं व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो सकेगा। वह दूध दुहने से लेकर तौल तक सम्पूर्ण प्रक्रिया में उपस्थित रह सकेगा तांकि दूध में मिलावट / गुणवता सम्बन्धित मिथ्या आरोप की सम्भवना नहीं रहे। गाय का दूध जैसा उत्पादित होगा, उसी मानक का लेना होगा। दूध उठाने से पूर्व दूध की गुणवता की जॉच की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। दूध की गुणवता के सम्बन्ध में सम्बन्धित ईकाई/ फार्म कार्यालय का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

**COLLEGE OF VETERINARY AND ANIMAL SCIENCE, JODHPUR-342037**
**(Rajasthan University of Veterinary and Animal Sciences, Bikaner)**

**Prof. (Dr.) S. K. Sharma** ✆ 9414682352
**DEAN** **Email:** deancvasjrajuvas@gmall.com

की जॉच की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। दूध की गुणवता के सम्बन्ध में सम्बन्धित ईकाई / फार्म कार्यालय का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

10- दूध की मात्रा एवं गुणवत्ता से सम्बन्धित शंका के निवारण हेतु ठेकेदार को व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में उपस्थित होना होगा। इस सम्बन्ध में ठेकेदार के किसी भी प्रतिनिधी से किसी भी प्रकार की बातचीत सम्भव नहीं होगी।

11- दूध का उत्पादन प्रातः, सांय, दैनिक, मासिक या वर्षभर समान नहीं रहता। जितना उत्पादन होगा उस मे से विश्वविद्यालय पर दूध उत्पाद बनाने, अनुसंधान कार्य एवं अधिकारियों / कर्मचारियो / विद्यार्थियो को देने के बाद शेष दूध ही सफल निविदादाता को दिया जायेगा। इस पर निविदादाता को किसी प्रकार की आपत्ति नही होगी। प्रतिदिन (प्रातः एवं सांय) विक्रय किये जाने वाले दूध की मात्रा में असमानता रहती है।

12- दूध दूहने के पश्चात ठेकेदार को समय (प्रातः 6.45 बजे से 7.45 बजे तक एवं सांय 4.45 से 5.30 बजे तक) पर दूध ले जाना होगा। यदि ठेकेदार द्वारा विलम्ब से दूध ले जाया जाता है तो दूध खराब होने की जिम्मेदारी विभाग की नहीं होगी। इसके लिए ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होगा।यदि निर्धारित समय पर सफल निविदादाता द्वारा दूध नहीं उठाया जाता तो विश्वविद्यालय / विभाग दूध निस्तारण के लिये स्वतंत्र होगा। ऐसी परिस्थिति मे यदि निर्धारित मुल्य से आय प्राप्त होती है तो अन्तर की राशि आवेदक (निविदादाता) को वहन करनी होगी और उसे अन्तर राशि अविलम्ब जमा करानी होगी।

13- यदि ठेकदार दूध उठाने के लिये नियुक्त करता है तो उसके द्वारा नियुक्त व्यक्ति को अधिकृत करने का शपथ पत्र मय फोटो पहचान पत्र कार्यालय में जमा कराना होगा।

14- सभी विवादो का न्याय क्षैत्र जोधपुर होगा। दूध निस्तारण के समय ठेकेदार या प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी। ठेकेदार महाविद्यालय परिसर में किसी भी बाहरी व्यक्ति को दूध विक्रय नहीं करेगा और किसी भी प्रकार की दूध में मिलावट नहीं करेगा।

15- दूध विक्रय की निविदा दर अनुमोदन होने के पश्चात कार्य आदेश जारी होने के एक वर्ष तक प्रभावी रहेगी जिसे पारस्परिक सहमति से 6 माह तक बढाया जा सकता है।

16- बिना अमानत राशि के निविदा स्वीकार्य नहीं होगी।

17- निविदा खोलने की दिनांक को अगर कोई अवकाश घोषित होता है तो आगामी कार्य दिवस को निविदा खोली जावेगी।

18- दुसरे नम्बर के उच्चतम दर वाले फर्म की अमानत राशि एक माह के लिये कार्यालय में जमा रहेगी।

19- दरे सही (बाजार भाव के अनुरूप) प्राप्त नही होने पर अगर कमेठी चाहे तो निविदादाताओ मे प्रतियोगी बातचीत द्वारा दरे निर्धारित करा सकेगी। किसी भी प्रकार के विवाद में कमेठी एवं अधिष्ठाता का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

20- महाविद्यालय में कार्यरत सभी अधिकारी / कर्मचारी, सेवा प्रदाता के कर्मचारी परोक्ष या अपरोक्ष रूप से भाग नही ले सकेगे।

21- निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दूध की दर बराबर होने पर नेगोशियेशन या सुबह शाम (आधा–आधा) दूध देने की सहमति देनी होगी।

22- निविदा प्रपत्र के समस्त पृष्ठो एवं सलग्न दस्तावेजो पर स्याही से निविदादाता के हस्ताक्षर अनिवार्य है, निविदा प्रपत्र में प्रस्तावित दर अंको एवं शब्दो में प्रथक प्रथक अंकित की जावे। अंको एवं शब्दो में अन्तर होने पर अधिकतम दर को सही माना जावेगा। निविदादाता द्वारा निविदा लिफाफे पर निविदा का विवरण दर्शाना अनिवार्य होगा।

मेरे द्वारा निविदा शर्ते क्रम संख्या एक से बाईस तक ध्यान से पढ ली गयी। मै इन शर्तो से पूर्णतया सहमत हूँ।

दिनांक निविदादाता के हस्ताक्षर